गिरिराज सिंह
GIRIRAJ SINGH

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली
MINISTER OF
RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI

अ. शा. पत्र सं. जे-11011/62/2022-मीडिया
दिनांक: 01 सितम्बर, 2022

माननीया/माननीय
सादर नमस्कार,

जैसा कि आप जानते हैं पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों के विभिन्न श्रेणियों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया अतिशीघ्र आरम्भ होने वाली है। इस वर्ष, राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों के स्वरुप एवं संरचना में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है ताकि ब्लॉक, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण एवं लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयगत क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाली पंचायतों की पहचान, प्रोत्साहन एवं समुचित सम्मान किया जा सके।

2. सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की प्रक्रिया से आप सभी परिचित हैं एवं इससे संबंधित विषयगत क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्ति हेतु आपकी पंचायत ने संकल्प भी लिया है। इस वर्ष, पंचायतों में सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण और प्राप्ति की गति में तेजी लाने के लिए नौ एसडीजी आधारित विषयों के साथ संरेखित एक बहु-स्तरीय प्रतियोगिता करने के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों के प्रारूप, प्रक्रियाओं और श्रेणियों को व्यापक रूप से संशोधित किया गया है। नई पुनर्संरचित पुरस्कार प्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी नवीनीकृत पोर्टल: **https://panchayataward.gov.in** पर उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कारों/ रैंकिंग के लिए सभी पंचायतों द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टियां करने के लिए इस पोर्टल को 10 सितंबर, 2022 को लाइव किया जाएगा। प्रविष्टियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2022 है।

3. मैं अपने सभी सरपंच भाईयों एवं बहनों की आह्वान करता हूँ कि आप राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और अन्य पंचायतों को भी इसके लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों की पारदर्शी चयन प्रक्रिया में भाग लेना बिल्कुल सरल एवं सुगम है। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान हेतु ब्लॉक अथवा जिला स्तर पर पंचायती राज विभाग या राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) के अधिकारियों से संपर्क करें।

शुभकामनाओं सहित,

सादर,

भवदीय,

(गिरिराज सिंह)

माननीय सरपंच/ग्राम प्रधान/मुखिया/अध्यक्ष,
सभी ग्राम पंचायत, सभी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश।

Office : 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001, Tel.: 011-23383548, 23782373, 23782327, Fax : 011-23070309
Resi. : 27, Lodhi Estate, New Delhi, Ph.: 011-24626783, 24655677

गिरिराज सिंह
GIRIRAJ SINGH

ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली
MINISTER OF
RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

D.O. J-11011/62/2022-Media
Dated: 01 September, 2022

Respected Madam/Sir,

Namaskar,

As you are aware, best-performing Panchayats are felicitated and conferred with awards by Ministry of Panchayati Raj on this occasion of National Panchayati Raj Day i.e. 24th April of every year. Like previous years, this year, too, the process of inviting applications for various categories of National Panchayat Awards will commence shortly. This year, the format, procedures and categories of the National Panchayat Awards have comprehensively been revised to establish a multi-level competition to recognize, felicitate and incentivize the best performing Panchayats at the Block, District, State and National levels in thematic areas related to localization and achievement of the Sustainable Development Goals in rural areas.

2. You are all familiar with the process of Localization of Sustainable Development Goals and your Panchayat has also taken a pledge / Sankalp to achieve the goals in thematic areas related to the same. This year, to accelerate the pace of localization and achievement of Sustainable Development Goals (SDGs) in Panchayats, the format and categories of National Panchayat Awards has been substantially modified and aligned with nine themes of Localisation of SDGs to conduct a multi-level competition. Detailed information about the newly restructured National Panchayat Awards system has been made available on the user-friendly portal: **https://panchayataward.gov.in.** This portal will be made live on 10th September, 2022 for making online entries by all Panchayats for awards/rankings under various categories of National Panchayat Awards. The last date for online submission of entries is 31st October, 2022.

3. I call upon all my Sarpanch brothers and sisters to ensure your participation in the selection process of National Panchayat Awards and encourage other Panchayats to do so. It is very simple and easy to participate in the transparent selection process of National Panchayat Awards. In case of any technical assistance, please contact the officials of Panchayati Raj Department or National Informatics Centre (NIC) at Block or District level.

With regards,

Yours sincerely,

(GIRIRAJ SINGH)

All the Sarpanch/Gram Pradhan/Mukhiya/President
& All Gram Panchayat, All States/UTs

Office : 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001, Tel.: 011-23383548, 23782373, 23782327, Fax : 011-23070309
Resi. : 27, Lodhi Estate, New Delhi, Ph.: 011-24626783, 24655677